**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**मत्स्यपालन विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3731**

**दिनांक 16 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न**

विषय: आधुनिक मछुआरा आवास योजना

3731. श्री दीपक बैजः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आधुनिक मछुआरा आवास योजना के अंतर्गत मछुआरों के लिए आवास इकाइयों के निर्माण के लिए केंद्र द्वारा कितनी निधि आवंटित की जा रही है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उपर्युक्त योजना के अंतर्गत निर्मित घरों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) आवास के लिए उपर्युक्त योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्यों द्वारा क्रमशः कितनी-कितनी निधि प्रदान की जा रही है;

(घ) क्या मंत्रालय ने स्थायी घरों के बिना रहने वाले मछुआरों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) छत्तीसगढ़ में मछुआरा समुदाय के सभी बेघर लोगों को किस तिथि तक घर उपलब्ध कराये जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री**

**(श्री प्रताप चन्द्र सारंगी)**

(क) से (ग) मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय केंद्रीय प्रायोजित योजना "नीली क्रांति : मात्स्यिकी के एकीकृत विकास एवं प्रबंधन" का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका एक घटक "राष्ट्रीय मछुआरा कल्याण योजना" है तथा उप-घटक 'मछुआरा आवास' । प्रधान मंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई.- जी) के दिशा-निर्देशों के समंजस्य के साथ यह उप-घटक (मछुआरा आवास) कार्यान्वित किया जा रहा है, जहां सामान्य राज्यों के मछुआरों को रु 1.20 लाख की दर से तथा हिमालयन और उत्तर पूर्वी राज्यों के मछुआरों को रु 1.30 लाख की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । पूर्वकथित घटक के अंतर्गत दी जाने वाली वित्तीय सहायता को सामान्य राज्यों में 60 : 40, हिमालयन और उत्तर पूर्वी राज्यों में 90 : 10 तथा संघ राज्य क्षेत्रों में 100% के अनुपात में शेयर किया जाता है । विगत पाँच वर्षों के दौरान, 18,920 मछुआरा आवासों के निर्माण के लिए विभिन्न राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को 104.69 करोड़ रु की निधि जारी की गई। निर्मित किए गए मछुआरा आवासों की कुल संख्या का राज्यवार विवरण तथा विगत पाँच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को इस विभाग द्वारा जारी की गई निधि का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

(घ) से (ङ) मत्स्यपालन राज्य संबंधी मामला है तथा भारत सरकार प्राप्त किए गए प्रस्तावों एवं बजटीय आवंटन की उपलब्धता के आधार पर छत्तीसगढ़ सहित राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करती है। आगे, छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने सूचित किया है कि आने वाले पाँच वर्षों में राज्य के मछुआरा समुदाय के सभी बेघर लोगों के लिए आवास उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है ।

******

**<u>अनुबंध</u>**

**आधुनिक मछुआरा आवास योजना के संदर्भ में श्री दीपक बैज, माननीय सांसद (लोकसभा) द्वारा पूछे गए लोकसभा के लिए दिनांक 16 जुलाई 2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या †3731 के भाग (ग) तथा (घ) के उत्तर का विवरण ।**

**<u>विगत पाँच वर्षों के दौरान (2014-15 to 2018-19) नीली क्रांति योजना के उप-घटक 'मछुआरा आवास' के तहत लाभान्वित मछुआरों तथा जारी की गई निधि का राज्यवार विवरण</u>**

जारी की गई राशि(रुपए लाखों में)

| क्र.सं | | 2014-15 | | 2015-16 | | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | पांच साल में कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | स्वीकृत आवासों की संख्या | जारी राशि | स्वीकृत आवासों की संख्या | जारी राशि | स्वीकृत आवासों की संख्या | जारी राशि | स्वीकृत आवासों की संख्या | जारी राशि | स्वीकृत आवासों की संख्या | जारी राशि | स्वीकृत आवासों की संख्या | जारी राशि |
| 1 | आंध्र प्रदेश | - | - | 1300 | 487.50 | - | - | - | - | 1340 | 964.80 | 2640 | 1,452.30 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | 92 | 52.00 | - | - | 48 | 50.544 | - | - | 140 | 102.54 |
| 3 | असम | - | - | - | - | 75 | 81.20 | 50 | 52.65 | 200 | 241.02 | 325 | 374.87 |
| 4 | बिहार | 610 | 152.65 | - | - | - | - | - | - | 1000 | 360.00 | 1610 | 512.65 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 175 | 65.58 | 400 | 150.00 | - | - | - | - | 200 | 63.36 | 775 | 278.94 |
| 6 | गुजरात | 3 | 1.125 | 100 | 36.37 | 100 | 60.00 | - | - | - | - | 203 | 97.50 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | - | - | 133 | 49.88 | - | - | - | - | - | - | 133 | 49.88 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | - | - | 133 | 49.88 | - | - | 200 | 210.6 | 234 | 234.00 | 567 | 494.48 |
| 9 | झारखंड | 484 | 181.79 | 1000 | 375.00 | 417 | 250.2 | - | - | 1000 | 720.00 | 2901 | 1,526.99 |
| 10 | केरल | 1300 | 325.00 | - | - | 167 | 100.20 | - | - | 132 | 95.04 | 1599 | 520.24 |
| 11 | महाराष्ट्र | - | - | - | - | 65 | 39.00 | - | - | - | - | 65 | 39.00 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 250 | 94.00 | 195 | 72.75 | 167 | 100.00 | - | - | - | - | 612 | 266.75 |
| 13 | मणिपुर | 122 | 70.15 | - | - | - | - | 34 | 31.82 | - | - | 156 | 101.97 |
| 14 | मिजोरम | 250 | 101.72 | 200 | 121.00 | 200 | 120.50 | 43 | 45.28 | 50 | 58.50 | 743 | 447.00 |
| 15 | नागालैंड | 270 | 160.00 | 270 | 161.00 | - | - | - | - | - | - | 540 | 321.00 |
| 16 | राजस्थान | 55 | 8.98 | - | - | 20 | 24.00 | - | - | - | - | 75 | 32.98 |
| 17 | तेलंगना | 786 | 275.00 | - | - | - | - | - | - | - | - | 786 | 275.00 |
| 18 | त्रिपुरा | 115 | 43.13 | 250 | 139.54 | - | - | 140 | 117.6 | 1434 | 1721.76 | 1939 | 2,022.03 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 324 | 120.00 | 327 | 122.63 | 666 | 399.60 | 313 | | 600 | 431.90 | 2230 | 1,074.13 |
| 20 | उत्तराखंड | 50 | 19.35 | - | - | - | - | - | - | - | - | 50 | 19.35 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | - | - | 309 | 115.69 | - | - | 122 | 79.056 | 300 | 185.40 | 731 | 380.15 |
| 22 | अं और नि द्वीप समूह | - | 5.00 | 100 | 74.00 | - | - | - | - | - | - | 100 | 79.00 |
| | **कुल** | **4794** | **1,623.47** | **4809** | **2,007.24** | **1877** | **1,174.70** | **950** | **587.55** | **6490** | **5,075.78** | **18920** | **10,468.74** |

****